# कार्यालय नगर परिषद, बांका

## —: सूचना :—

नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–4081 दिनांक–26.12.2024 द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यान्वयन हेतु दिशा–निर्देश के आलोक में स्वच्छता साथी का चयन किया जाना है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है:–

1. **स्वच्छता साथी कौन होंगे:–**
   i) स्वच्छता साथी कोई भी भारतीय हो सकता है, परन्तु लोकल व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी।
   ii) अभ्यर्थी की उम्र 40 से अधिक ना हो।
   iii) अभ्यर्थी कम से कम मैट्रीक पास होना चाहिए।
   iv) अभ्यर्थी की आवाज साफ हो ताकि वे अच्छे से Communicate कर सके।
   v) अभ्यर्थी को स्वच्छता से संबंधित कार्यो में कम से कम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए।
   vi) अभ्यर्थी के रूप में Waste Picker, Citizen Leader, SHG member, Swachhagarhi, Sanitation worker, Brand Ambassadors एवं NULM, ASHA Anganwadi worker, NGOs youth, Community Based Organization, RWAs से संबंधित व्यक्ति या अन्य कोई भी आवेदन कर सकते है।
   vii) नगर परिषद स्तर पर कुल– 10 स्वच्छ साथी।
2. **चयन का उद्देश्य:–**
   i) शहर को कचरा मुक्त बनाने के लिए नागरिकों को जागरूक करना एवं उन्हें उत्तरदायी बनाना।
   ii) शहर को कचरा मुक्त बनाने हेतु नागरिकों की भूमिका पर उन्हें जागरूक करना।
   iii) नागरिकों के बीच Triggering करना और कचरे के लिए असहिष्णुता की भावना को बढ़ाना।
   iv) नागरिकों को स्वच्छ परिवेश के लाभों के प्रति सचेत करना।
   v) कचरा मुक्त शहर बनाने के लिए वांछित व्यवहार अपनाने हेतु प्रेरित करना।
3. **चयन की प्रक्रिया:–**
   i) स्वच्छ साथी को Open advertisement के माध्यम से engage किया जाना है। पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन अनुलग्नक सहित दिनांक–31.01.2025 तक नगर परिषद, बांका कार्यालय में समय–03:00 बजे अपराहन् तक स्वीकार किये जाएंगे। आवेदक स्वयं आवेदन के साथ उपस्थित होकर आवेदन जमा करेंगे। किसी अन्य माध्यम से भेजे गए आवेदन पत्र कोई विचार नहीं किया जाएगा। उक्त तिथि के बाद किसी प्रकार के कोई दावा मान्य नहीं होगा।
      a) चयन से संबंधित आवेदन की मांग से संबंधित सूचना निकाय स्तर पर कार्यालय के सूचना पट एवं अन्य महत्वपूर्ण जगहों पर लगाया गया है।
      b) **आवेदन प्रारूप** बांका जिला के वेबसाईट **https://banka.nic.in** अथवा नगर परिषद, बांका के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
   ii) प्राप्त हुए आवेदन की Selection Criteria के आधार पर जाँच एवं मिलान कर अभ्यर्थियों का One-To-One Interview किया जाएगा।
   iii) Interview के उपरांत चयनित अभ्यर्थी के साथ Agreement (एकरारनामा) किया जाएगा।
   iv) Agreement (एकरारनामा) के उपरांत उन्हें वार्ड आवंटित किया जाएगा।
   v) सभी चयनित उम्मीदवार का Training करवाया जाएगा और उन्हें कार्य, जिम्मेदारी एवं प्रतिवेदन के संबंध में जानकारी दी जाएगी।
   vi) चयनित उम्मीदवार को कार्य की जिम्मेदारी दी जाएगी।
   vii) निकाय स्तर पर पदस्थापित स्वच्छ साथी को इस तरह से वार्ड की जिम्मेदारी दी जाएगी की सभी वार्ड आच्छादित हो जाय। (एक से अधिक वार्ड की जिम्मेदारी)
4. **स्वच्छता साथी को मिलने वाले लाभ:–**
   i) कार्य अवधि पांच घंटे प्रतिदिन न्यूनतम होगी।
   ii) प्रतिदिन की उपस्थिति संधारित की जाएगी।
   iii) छूट्टी हेतु निकाय की प्रक्रिया का पालन किया जाएगा।



CamScanner

iv) मानदेय कर्मी के Bank Account में ही भेजा जाएगा।

v) प्रतिदिन रू0 300.00 के दर से प्रतिमाह 20 दिन का मानदेय 300x20=6000.00 रू0 मानदेय के रूप में देय होगा।

vi) स्वच्छता साथी को Contractual Basis पर एक वर्ष के लिए Hire किया जाएगा, जिसकी अवधि अक्टूबर, 2026 तक बढ़ाई जा सकती है।

vii) प्रत्येक स्वच्छ साथी को प्रत्येक वर्ष में 200 दिनों के लिए engage किया जाएगा।

viii) 200 कार्य दिवस प्रत्येक माह में 20 दिन का होगा जो वर्ष के किसी भी 10 माह (स्वच्छ सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए) में मान्य होगा।

ix) सभी स्वच्छ साथी को Monitor करने की जिम्मेदारी लोक स्वच्छता पदाधिकारी की होगी।

x) छूट्टी एवं अन्य समस्याओं से संबंधित मामले लोक स्वच्छता पदाधिकारी देखेंगे।

xi) किये गये कार्य की समीक्षा प्रत्येक माह की जाएगी एवं लगातार तीन माह तक कार्य संतोषजनक नहीं होने पर हटाने की कार्रवाई की जा सकती है।

**नोटः—यह किसी भी प्रकार से Permanent Position नहीं है, अतः किसी भी तरह का Claim मान्य नहीं होगा।**

22-7-2025

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, बांका

ज्ञापांक 109 / दिनांक 22.07.25 /

प्रतिलिपि :— माननीय मुख्य पार्षद / उप मुख्य पार्षद / सभी पार्षदगण, नगर परिषद, बांका को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :— सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी, नगर परिषद बांका को सूचनार्थ व अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :— नगर प्रबंधक, नगर परिषद, बांका को सूचनार्थ प्रेषित एवं आदेश दिया जाता है कि कार्यालय सूचना पट्ट, सभी महत्वपूर्ण स्थलों एवं NIC की वेबसाईट पर स्वच्छता साथी के चयन हेतु सूचना प्रकाशन अपने पर्यवेक्षण में करवाना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपि :— अनुमंडल पदाधिकारी, बांका को सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपि :— जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, बांका को आवेदन प्रारूप सहित प्रेषित। अनुरोध है कि जिला के वेबसाईट पर प्रकाशित करवाने की कृपा की जाय।

प्रतिलिपि :— जिला पदाधिकारी, बांका को सादर सूचनार्थ समर्पित।

22/7/2025

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, बांका



CamScanner

प्रपत्र 'क'

**नगर विकास एवं आवास विभाग के पत्रांक–4081, दिनांक–26.12.2024 के अन्तर्गत नगर परिषद, बांका कार्यालय में स्वच्छता साथी के चयन हेतु आवेदन का प्रारूप**

Photo

- आवेदक का नाम (अंग्रेजी में) :–..............................................
- आवेदक का नाम (हिन्दी में) :–..............................................
- आवेदक के पिता का नाम :–..............................................
- आवेदक के माता का नाम :–..............................................
- जन्म तिथि (आंकड़ों में) :– ..............................................
- आवेदक का वर्त्तमान पता :–..............................................
  ..............................................
- आवेदक का स्थाई पता :–..............................................
  ..............................................

  मोबाइल नम्बर एवं ई–मेल आई०डी० :–..............................................
- लिंग :–.............................. राष्ट्रीयता :– ..............................
- आवेदक का आधार संख्या :–..............................................
- उम्मीदवार का पहचान चिन्ह :–..............................................

  शैक्षणिक योग्यता (स्वअभिप्रमाणित प्रमाण–पत्रों की छायाप्रतियां संलग्न करें) :–

| क्रमांक | परीक्षा | विषय | बोर्ड/विश्वविद्यालय | वर्ष | अंक | श्रेणी/प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मैट्रिक | | | | | |
| 02 | इन्टरमीडिएट | | | | | |
| 03 | स्नातक | | | | | |
| 04 | स्नातकोत्तर | | | | | |
| 05 | अन्य | | | | | |

**कार्य अनुभव :–**

| क्रमांक | कार्यालय/योजना का नाम | पद का नाम | अनुभव का क्षेत्र | कुल अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

- क्या आप NULM/ASHA/SHG/Swachhagrahi/NGOs/आंगनवाड़ी से संबंध में रखते है? हाँ/नहीं
- वांछित कागजात यथा (आवासीय प्रमाण पत्र/जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति स्वअभिप्रमाणित संलग्न करें।
- कम्प्युटर की जानकारी :–..............................................

CamScanner

- स्वच्छता साथी से आप क्या समझते है, आप अपनी जिम्मेदारियों को किस तरह से पूर्ण करेंगे एवं स्वच्छता साथी के रूप में केवल आपका ही चयन क्यों किया जाए?

(कृपया अपने शब्दों में उत्तर दे)

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

दिनांकः– ..........................................

स्थानः– ..........................................

आवदेक का हस्ताक्षर

22/01/25

CS CamScanner